1. **Weather** : उत्तराखंड में बर्फबारी और बारिश, दिल्ली-एनसीआर में भी आज होगी बरसात, जम्मू-हिमाचल में ऐसा रहेगा मौसम
2. **US** : प्रकाश पर्व पर गुरुद्वारे पहुंचे भारतीय राजदूत के साथ खालिस्तान समर्थकों ने की बदसलूकी, फहराया अपना झंडा


सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट


*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 9 अंक : 139 | इंदौर, सोमवार 27 नवंबर, 2023 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए






# नई सरकार का इंतजार, फैसले की घड़ी नजदीक

## बदलते समय में व्हाट्सएप, फेसबुक व इंस्टाग्राम पर भरोसा किया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। मध्य प्रदेश की सोलहवीं विधानसभा की सभी 230 सीटों पर उम्मीदवारों की किस्मत ईवीएम में बंद हो चुकी है। सियासी समीकरण किस करवट बैठेंगे और अगले 5 साल तक प्रदेश की बागडोर कौन संभालेगा, यह तो 3 दिसंबर के बाद ही पता चलेगा। नए साल के पहले प्रदेश में नई सरकार बन जाएगी और सभी कयासों पर पूर्ण विराम लग जाएगा। फैसले की घड़ी नजदीक आती देख जहां नेताओं की सांसे-उपर नीचे हो रही है तो वहीं उनके समर्थकों की भी बैचेनी बढ़ रही है। चुनाव प्रचार की चर्चा करें तो इस बार प्रचार में बहुत बदलाव दिखे । प्रत्याशियों ने चुनाव प्रचार में झंडे, बैनर और पोस्टर से ज्यादा सोशल मीडिया के व्हाट्सएप, फेसबुक और इंस्टाग्राम का खुद उपयोग किया।**



### अपनी सरकार बन रही है...!

हर बार की तरह चुनाव परिणाम के पहले भाजपा और कांग्रेस के समर्थक दावे के साथ कहते-सुनते देखें जा सकते हैं कि अपनी सरकार बन रही है। भाजपाई जहां फिर से सत्ता संभालने की बात कहते हैं तो वहीं कांग्रेसी सत्ता में वापसी का दावा कर रहे हैं।

### अपने-अपने गणित

कांग्रेस और भाजपा की जीत हार को लेकर राजनीति के जानकार अपने-अपने गणित लगा रहे हैं। एक ओर जहां सट्टा बाजार में भी प्रत्याशियों के भाव बदल रहे हैं और इसे लेकर समीकरण बैठाए जा रहे हैं तो वहीं इंदौर के साथ-साथ पूरे प्रदेश में हाट सीटों पर सबकी निगाहें हैं। इनमें सबसे अधिक नजर विधानसभा क्षेत्र 1 पर हैं, जहां से भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव कैलाश विजयवर्गीय और कांग्रेस के संजय शुक्ला के बीच रोचक मुकाबला हुआ है। इस सीट को लेकर भी कयासों का दौर चल रहा है कि हार-जीत का अंतर इतना-इतना रहेगा।

### खुली जीप में ज्यादा जनसंपर्क

इस बार प्रत्याशी पैदल कम खुली जीप से ज्यादा जनसंपर्क करते देखे गए । 2018 के चुनाव की तुलना में यह चुनाव थोड़ा मुश्किल भरा रहा, क्योंकि जब चुनाव चरम सीमा पर था , तब लोग घर - दुकानों में दीपावली की रंगाई, पुताई और सफाई में व्यस्त थे। ऐसी स्थिति में प्रत्याशियों का जनसंपर्क पूरी तरह प्रभावित रहा । हालांकि वॉशिंग परसेंट है तो बहुत अच्छा हुआ, लेकिन यह आकलन करना मुश्किल है की इस बार किसकी सरकार बनेगी।

### चर्चाओं का दौर जारी

प्रदेश में विधानसभा चुनाव के लिए मतदान के बाद अब जीत-हार को लेकर चचाउओं का दौर जारी है। भाजपा एवं कांग्रेस के बड़े चेहरों के चुनाव जीतने एवं हारने की चर्चा ज्यादा है। देखा जाए तो पूरे प्रदेश में इंदौर विधानसभा क्षेत्र क्रमांक एक सबसे ज्यादा चर्चा में रहा। यहाँ कैलाश विजयवर्गीय और संजय शुक्ला आमने सामने थे। इस चुनाव में धन, बल, ताकत, शक्ति प्रदर्शन, शोर शराबा, टेंशन, भीड़ सब कुछ देखने को मिला। इन सब के बीच किसका भाग्य चमकेगा,इसका खुलासा ईवीएम खुलने पर पता चलेगा।

### झंडे, बैनर और पोस्टर से ज्यादा हावी रहा सोशल मीडिया

इस बार इंदौर में विभिन्न पार्टियों के 92 प्रत्याशी चुनावी मैदान में थे। पहले चुनाव प्रचार करने का अलग तरीका होता था, पार्टी के 100 -200 नेता, कार्यकर्ता और समर्थक प्रत्याशी के साथ घर घर जाकर जनसम्पर्क करते थे। इस दौरान कार्यकर्ता हाथों में झंडे और बैनर लेकर नारेबाजी करते हुए गली मोहल्लों में घूमते थे, लेकिन समय के साथ साथ जनसम्पर्क करने का तरीका भी बदल गया। इस बार प्रत्याशियों ने प्रचार में झंडे, बैनर और पोस्टर से ज्यादा सोशल मीडिया की विभिन्न साइटों फेसबुक, व्हाट्सएप और इंस्टाग्राम का ज्यादा से इस्तेमाल किया।

### उम्र का असर देखने को मिला

इस बार चुनाव में प्रत्याशियों की उम्र का असर साफ देखने को मिला। उम्रदराज प्रत्याशियों ने पैदल कई बजाय खुली जीप या कार से जनसम्पर्क किया। विशेष मोकों पर ही वे गाड़ी से उतर कर मतदाताओं से मिले होंगे। इसी प्रकार बहुइमारत इमारतों के फ्लैट में रहने वाले मतदाताओं से प्रत्याशियों का मिलना कम ही हुआ है। वे नीचे से ही हाथ जोडकर दुआ सलाम करते रहे। कई बहुमंजिला इमारतों की लिफ्ट नहीं होना या खराब होना भी प्रत्याशियों के लिए एक बड़ी समस्या थी। इस बार अधिकांश प्रत्याशी 60 + या इससे अधिक उम्र के है।

### कई प्रत्याशियों के पास थी सोशल मीडिया टीम

चुनावी मैदान में अपना भाग्य आजमा रहे कई प्रत्याशियों ने मतदाताओं तक अपना मैसेज पहुंचने के लिए अपनी-अपनी सोशल मीडिया टीम बना रखी थी, जिसमें इंटरनेट पर ज्यादा समय बिताने वाले युवाओं को तैनात किया गया था। ये युवा टीम फोटो के साथ-साथ रील्स बनाने और उसे पोस्ट कर ज्यादा से ज्यादा लोगों तक शेयर करने का काम किया, क्योंकि सोशल मीडिया एक ऐसा माध्यम है, जो मैसेज तुरंत मतदाताओं के पास पहुंच जाता है इसलिए प्रत्याशियों ने झंडे , बैनर, पोस्टर की बजाय सोशल मीडिया पर ज्यादा उपयोग किया। कई प्रत्याशियों ने उनकी रील्स और वीडियो बनाकर मतदाताओं के उनके मोबाइल पर पहुंचाया।

### 1 माह में 4 करोड़ रुपये खर्च किए, कांग्रेस सबसे आगे

मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव में प्रत्याशियों के खर्चे को लेकर चुनाव आयोग जानकारी एकत्रित कर रहा है। इस बीच, सोशल मीडिया के फेसबुक और इंस्टाग्राम पर पिछले एक माह के खर्च राशि का आंकड़ा सामने आया है। प्रदेश के नेताओं ने दोनों सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अपनी पोस्ट को बूस्ट करने 17 अक्टूबर से 15 नवंबर के बीच 4 करोड़ 14 लाख 92 हजार 508 रुपये खर्च किए हैं। इसमें सबसे ज्यादा 62 लाख 62 हजार 897 रुपये की राशि मध्य प्रदेश कांग्रेस ने अपने पेज को बूस्ट करने पर खर्च की है। इसके बाद 50 लाख 72 हजार 350 रुपये की राशि एमपी के मन में मोदी पेज को बूस्ट करने में खर्च की गई। मध्य प्रदेश भाजपा ने अपने पेज को बूस्ट करने 35 लाख 4 हजार 367 रुपये खर्च किए हैं। शुरूआत में भाजपा सोशल मीडिया पर पैसा खर्च करने में आगे थी, लेकिन बाद में भाजपा को कांग्रेस ने पीछे छोड़ दिया।

### कटाक्ष




# स्क्रैप से बनी श्रीराम मंदिर की प्रतिकृति देखने पहुंचे महापौर

◆ आयरन वेस्ट से निर्मित भारत की पहली मंदिर स्वरूप प्रतिकृति

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** रणजीत हनुमान मंदिर के आगे विश्राम बाग में श्री राम मंदिर अयोध्या की प्रतिकृति आयरन वेस्ट (स्क्रैप) से बनाई जा रही है। महापौर पुष्यमित्र भार्गव के निर्देशन में यह प्रतिकृति बन रही है। नगर निगम के पुराने वाहनों के चेचिस, स्ट्रीट लाइट के पुराने खंबे, पुराने खराब झूले, पुरानी टूटी हुई फिसलपट्टियां, पुराने वाहनों के चद्दर, पुरानी गाड़ियों के गियर, पाइ्स, नट- बोल्ड, टूटी-फूटी ग्रिल आदि पुराने लोहे का उपयोग श्रीराम मंदिर की प्रतिकृति बन रही है। इन सभी वेस्ट से श्रीराम मंदिर अयोध्या की प्रतिकृति पिछले 65 दिन से लगातार 15 से 20 कलाकार बना रहे हैं।

रविवार सुबह 10 बजे महापौर पुष्यमित्र भार्गव इस प्रतिकृति को देखने पहुंचे। उन्होंने बताaया कि श्रीराम मंदिर प्रतिकृति में लगभग 21 टन लोहा लगा है। इसकी ऊंचाई 27 फीट और चौड़ाई में 26 फीट है। लंबाई में 40 फीट है। उन्होंने बताया कि चुनौती यह रही कि अभी अयोध्या में बन रहा भव्य राम मंदिर पूर्ण नहीं हुआ है तो उसकी प्रतिकृति कैसी बनाई जाए। यह लोहे से बनी इतनी बड़ी प्रतिकृति पूरे भारत में पहली ही होगी। प्रतिकृति को बनाने में आर्टिस्ट उज्ज्वल सिंह सोलंकी, लोकेश राठौर और वेल्डर आसिफ खान सहित उनकी पूरी टीम लगी रही, जिसने बहुत बारीक काम के साथ बेहद खूबसूरत और नक्काशीदार प्रतिकृति बनाई है।

### सूफी नाइट्स और मैजिक शो से यादगार बनी दीपावली मिलन समारोह की शाम

इंदौर । द इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ आर्किटेक्ट्स के इंदौर सेंटर की ओर से द पार्क होटल इंदौर में दीपावली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में करीब 150 से ज्यादा डेलिगेट्स ने हिस्सा लिया।इंदौर सेंटर के चेयरमैन आर्किटेक्ट नितिन घुले ने बताया कि यह दीपावली मिलन समारोह हम सभी के लिए एक खास अवसर था। समारोह में नेशनल वाईस प्रेसिडेंट आर्किटेक्ट जितेन्द्र मेहता सहित शहर के सभी जाने माना ऑर्किटेक्ट्स ने हिस्सा लिया।सीए पूजा काबरा का मेडिटेशन सेशन सभी के लिए स्ट्रेस बस्टर और रिलैक्सिंग था। इसके बाद सूफी नाइट में यश शर्मा ने अपनी खूबसूरत प्रस्तुति से सभी मंत्रमुग्ध कर दिया।सेक्रेटरी आर्किटेक्ट स्नेहल सोनटके ने बताया समारोह में विभिन्न तरह के गेम्स और एक्टिविटी का भी आयोजन किया गया। इसके साथ ही समारोह में आने वाले गेस्ट को जेल के कैदियों द्वारा बनाई गई कलाकृतियों को गिफ्ट किया गया है।

# बकाया टैक्स वसूली के लिए राजस्व अमले को दिया टारगेट

## विधानसभा चुनाव के चलते इस महीने कम हुई वसूली

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। **बकाया टैक्स वसूली के लिए नगर निगम राजस्व अमले को टारगेट दिया गया है। इसके चलते अगले महीने दिसंबर में राजस्व अमले को 60 करोड़ रुपए वसूलना होंगे। जिस जोन पर कम वसूली होगी उसके सहायक राजस्व अधिकारी (एआरओ) और बिल कलेक्टर पर कार्रवाई होगी। इधर, इस महीने 40 करोड़ रुपए वसूलने का टारगेट रखा गया था, लेकिन विधानसभा चुनाव के चलते इस महीने वसूली बहुत कम हुई और आंकड़ा 10 करोड़ रुपए तक ही पहुंचा।**

निगम का खाली खजाना भरने का प्रयास बकाया संपत्तिकर और जलकर के जरिए किया जा रहा है। इसके लिए निगम के 19 जोन पर तैनात एआरओ और बिल कलेक्टरों को हर महीने बकाया टैक्स वसूली का टारगेट दिया जा रहा है। इस महीने नवंबर में 40 करोड़ रुपए बकाया टैक्स वसूलने का टारगेट दिया गया, लेकिन विधानसभा चुनाव के चलते बकाया संपत्तिकर और जलकर की वसूली बहुत कम हुई और आंकड़ा 10 करोड़ रुपए तक ही पहुंचा। चुनाव के चलते कम हुई वसूली को देखते हुए अगले महीने दिसंबर का टारगेट बढ़ा दिया गया है। अब राजस्व अमले को दिसंबर में 60 करोड़ रुपए वसूलने का लक्ष्य दिया गया है, क्योंकि विधानसभा चुनाव के परिणाम 3 दिसंबर को आ जाएंगे और 9 दिसंबर को नेशनल लोक अदालत लगने वाली है। इसके साथ ही 31 दिसंबर को साल खत्म हो रहा है। इसलिए वसूली का टारगेट बढ़ा दिया गया है।

### एआरओ और बिल कलेक्टर पर होगी कार्रवाई

इधर, निगम राजस्व विभाग के अपर आयुक्त अभिलाष मिश्रा का कहना है कि इस महीने विधानसभा चुनाव के चलते बकाया संपत्ति कर और जलकर वसूली का टारगेट पूरा नहीं हो पाया, लेकिन अगले महीने दिसंबर में 60 करोड़ रुपए दूसलने का टारगेट रखा गया है। किस जोन को कितना टैक्स वसूलना है। इससे एआरओ और बिल कलेक्टरों को अवगत करा दिया गया है। साथ ही तय किया है कि जिस जोन पर एआरओ और बिल कलेक्टर की वसूली कम होगी उसको लेकर पहले कारण पूछा जाएगा। संतोषप्रद जवाब न होने पर कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावा 9 दिसंबर को लगने वाली नेशनल लोक अदालत में अधिक से अधिक बकायादार अपने टैक्स जमा कर सरचार्ज माफ कराने के साथ छूट ले सकें। इसके लिए नोटिस बांटने की तैयारी हो गई और टारगेट बढ़ा दिया गया है। अब राजस्व अमले को दिसंबर में 60 करोड़ रुपए वसूलने का लक्ष्य दिया गया है, क्योंकि विधानसभा चुनाव के परिणाम 3 दिसंबर को आ जाएंगे और 9 दिसंबर को नेशनल लोक अदालत लगने वाली है। इसके साथ ही 31 दिसंबर को साल खत्म हो रहा है। इसलिए वसूली का टारगेट बढ़ा दिया गया है।

# स्वच्छता के लिए मुस्तैद निगम, गंदगी करने वालों से वसूल रहा जुर्माना

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इन्दौर**। स्वच्छता में सातवीं बार नम्बर वन आने हेतु सजग इन्दौर नगर निगम कर्मचारियों ने इधर उधर कचरा फेंकने और गंदगी फैलाने वालों केस खिलाफ सतत् निगरानी अभियान चला रखा है। पकड़े जाने पर स्पाट पर ही जुमार्ना लगाया जा रहा है। इसी के चलते वार्ड 16 के सीएसआई करोसिया को सूचना मिली कि स्कीम नंबर 155 में कोई व्यक्ति कचरा फेंककर जा रहा है । सूचना मिलते ही निगमकर्मी मौके पर पहुंचे और युवक को रोककर जानकारी ली तो उसने अपना नाम शिव केवट बताया । इस पर करोसिया ने खुले में कचरा फेंकने के मामले में युवक पर एक हजार रुपए का जुमार्ना किया । साथ ही समझाइश दी कि कचरा कचरा वाहन में ही डालें , खाली प्लॉट में नहीं फेंके । इसी तरह वार्ड 16 के ही नंदबाग में घर के निर्माण कार्य का सामान सडक़ पर रखा पाया गया । इससे कचरा वाहन भी नहीं निकल पा रहा था । इस शिकायत पर करोसिया मौके पर पहुंचे और सडक़ पर निर्माण सामग्री रखने वाले पर एक हजार रुपए का जुमार्ना किया । साथ ही मौके पर पहुंचे एनजीओ सदस्यों द्वारा समझाइए दी गई कि घर का सामान व्यवस्थित रखें जिससे किसी को परेशानी नहीं हो ।

# अब मेट्रो ट्रैक ने रिंग रोड की ओर बढ़ाया कदम

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। अभी तक इंदौर मेट्रो ट्रेन के ट्रैक बनाने का काम सुपर कॉरिडोर और टफ 10 पर ही चल रहा था। अब मेट्रो ट्रैक धीरे-धीरे पूर्वी रिंग रोड की दिशा में भी कदम बढ़ा रहा है। विजयनगर की ओर से रेडिसन चौराहे तक पहुंचने के बाद ट्रैक रिंग रोड की ओर मुड़ता हुआ दिखाई दे रहा है। रेडिसन चौराहे पर यह ट्रैक अद्र्ध चंद्राकार होकर 90 डिग्री टर्न लेगा और रोबोट चौराहे की ओर मुड़ जाएगा। फस्र्ट फेज में अभी रोबोट चौराहे पर बन रहे मेट्रो स्टेशन तक ही मेट्रो ट्रेन पहुंचेगी। सेकंड फेज में रोबोट चौराहे से बंगाली चौराहा होते हुए पलासिया की ओर ट्रैक बनाया जाएगा। हालांकि वर्तमान में चल रहा ट्रैक बनाने का काम काफी धीमी गति से चल रहा है। अब ट्रायल रन के समय चल रहे काम जैसी फुर्ती नहीं दिखाई दे रही है। अब तक बने ट्रैक पर एक ही स्टेशन तैयार हुआ है जब की मेट्रो ट्रेन कारपोरेशन के अधिकारियों का कहना है कि मार्च 2024 तक ट्रायल रूट पर कमर्शियल रन प्रारंभ कर देंगे। फिलहाल गांधीनगर से लवकुश चौराहे तक पियर्स लग चुके हैं । स्टेशन का काम चल रहा है। लव कुश चौराहे से टफ 10 तक अभी पियर्स नहीं लगे हैं।

# पत्नी को किया घायल

**इंदौर**। एक महिला पर उसके पति ने ही चाकू से हमला कर उसे घायल कर दिया। महिला पति से नाराज थी पति ने उसे साथ में घर चलने को कहा तो उसने मना कर दिया, इसी बात को लेकर दोनों के बीच विवाद हो गया। मामला हातोद थाना क्षेत्र के बागड़ी मोहल्ले का है फरियादी राधाबाई की शिकायत पर उसी के पति भारत सिंह के खिलाफ चाकू बाजी की धाराओं में केस दर्ज किया गया है। दरअसल दोनों पति-पत्नी के बीच विवाद चल रहा था इस वजह से राधाबाई अपनी एक रिश्तेदार के घर चली गई भारत उसे लेने गया तो राधा ने पति के साथ जाने से मना कर दिया तो भारत नाराज हो गया और उसने घर में रखा चाकू निकाला और राधाबाई पर हमला कर दिया।

# पुरानी पेंशन की मांग को लेकर इन्दौर के कर्मचारियों ने दिल्ली प्रदर्शन में लिया भाग

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। पुरानी पेंशन बहाली की मांग के समर्थन में धरना प्रदर्शन मे भाग लेने के लिए जिला इंदौर के बड़ी संख्या में कर्मचारीयों ने नई दिल्ली के जंतर- मंतर में पहुंच कर जोश और उत्साह से धरना प्रदर्शन मे भाग लिया । कुछ राज्यों ने पेंशन बहाल कर दिया है परंतु वित्तीय संसोधन केंद्र की अनुमति के बिना लागू नहीं किया जा सकता। केंद्र सरकार कर्मचारीयों से जुड़े इस राष्ट्रीय मुद्दे को शीघ्र हल करें, कर्मचारीयों के हक और अधिकार की रक्षा एवं सम्मान जनक जीवन निर्वाह के लिए पुरानी पेंशन को बहाल किया जाना अति आवश्यक है । जिसके जवाब में धरना प्रदर्शन के दिन केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से चर्चा हेतु कर्मचारीयों के प्रतिनिधि मंडल को आमंत्रित किया।ठढर को कर्मचारियों के हित में परिवर्तन किया जाएगा - केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने भारतीय मजदूर संघ के प्रतिनिधि मंडल से कहा। कर्मचारी धरना प्रदर्शन में भाग लेने के लिए नई दिल्ली जंतर मंतर पहुंचने वालो मे पुरानी पेंशन की मांग को लेकर जिला इन्दौर के जिलाध्यक्ष शिवनारायण शर्मा जिला सचिव राकेश कुमार वर्मा,महू तहसील अध्यक्ष रमेश चंद्र अलेरिया एवं लोक निर्माण विभाग इंदौर के विभागीय समिति के मनोज राठिया मनोज कदम्ब संगीता मालवीय मुकेश मालवीय शिवराम पाटीदार विष्णु सनवर अन्य बड़ी संख्या में कर्मचारीयों साथियों ने दिल्ली प्रदर्शन में लिया भाग ।

## 10वीं की छात्रा से छेड़छाड़

**इंदौर**। एक स्कूली छात्रा से छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। इस मामले में वर्ग विशेष से जुड़े एक युवक के खिलाफ पॉक्सो एक्ट सहित अन्य धाराओं में केस दर्ज किया गया है। पीड़िता के मुताबिक वह अपने भाई के साथ दुकान पर सामान लेने पहुंची। इस दौरान एक युवक ने उसे गलत तरीके से टच किया। विरोध करने पर वह विवाद करने लगा। सदर बाजार पुलिस के मुताबिक 14 साल की पीड़िता की शिकायत पर जफर निवासी जूना रिसाला के खिलाफ पॉक्सो एक्ट और छेड़छाड़ के मामले में केस दर्ज किया गया है। पीड़िता ने बताया कि वह अपने भाई के साथ शनिवार रात करीब 10 बजे के लगभग सुभाष मार्ग चॉइस नमकीन के पास सामान लेने गई। इस दौरान वह अपनी गाड़ी के पास खड़ी थी। वहां से जफर नाम का युवक कुर्सी पर बैठा हुआ अचानक से पीछे की तरफ आया ओर गलत तरीके से उसने टच किया। जब इस बात को लेकर उसे टोका तो उसने पीड़िता से कहा कि उसकी गलती है गाड़ी से नीचे नहीं उतरना चाहिए था। इसके बाद भाई को उसकी हरकत को लेकर कहा तो उसने विवाद किया और मौके से भागने लगा। आसपास के लोगों से पूछताछ में उसकी पहचान हुई। इसके बाद परिवार के लोगों के साथ थाने पहुंचे ओर देर रात मामले में केस दर्ज कराया। पुलिस के मुताबिक आरोपी जफर की तलाश की जा रही है।

# अपने को कभी छोटा मत समझना तुम भगवान के अति प्रिय हो - शुभा दीदी

### दो दिवसीय आत्म ज्ञान सत्संग में शुभा दीदी का स्वागत एवं सम्मान सांसद शंकर लालवानी ने किया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर । **तुम भगवान के बहुत प्यारे हो तभी तो यह जन्म मिला, अपने को कभी छोटा मत समझना तुम भगवान के अति प्रिय हो । आप चुने गए हो साक्षात्कार के लिए, आगे बढ़ते चलो कोई रोकने वाली शक्ति नही । यदि जन्म मरण से छुटकारा चाहते हो तो अपने मन के चित्त को खाली करो । मन बहुत चंचल है अपने मन की चंचलता को समर्पित करे ।**

उक्त उध्बोधन मद्रास से विशेष रूप से इंदौर पधारी गुरु माँ शुभा दीदी ने अपने दो दिवसीय आत्मा ज्ञान दिव्य सत्संग में शनिवार को स्वामी प्रीतमदास सभागृह में व्यक्त किये । माँ अहिल्या की नगरी इंदौर शहर में प्रथम बार मद्रास से पधारी गुरु माँ शुभा दीदी का स्वागत एवं सम्मान सांसद शंकर लालवानी ने दिव्य शक्ति पीठ परिसर में किया। आयोजन में दीदी का स्वागत अजय शिवानी, रवि भाटिया, जय काकवानी, राजा मांधवानी, घनश्याम मलानी, भगवानदास कटारिया, पार्षद श्रीमती कंचन गिदवानी, पूर्व पार्षद संजय कटारिया ने भी किया । स्वामी प्रीतमदास सभागृह में आयोजित आयोजन समिति के आँचल रोहरा, नरेश फुँदवानी एवं प्रचार प्रमुख दिलीप माटा ने बताया कि सत्संग के पूर्व दीदी का स्वागत मनोहर नागपाल, श्रीचंद भाटिया, कमल आहूजा, पंकज फतेहचंदाणी, भागचंद पुरसवानी, मंशाराम राजानी, मुकेश सचदेव, नानक डावानी, सरिता बहरानी, लता पुरसवानी, गिरधारीलाल-नीलम जाधवानी, वासुदेव-जानकी लालवानी, दीपक-हिना छाबड़िया, आंनद-ममता जेसवानी, कन्हैयालाल-प्रीति खत्री ने किया । कार्यक्रम का संचालन सोना कस्तूरी एवं नरेश फुँदवानी ने किया ।

# दीपावली मिलन के साथ एमपी वर्किंग जर्नलिस्ट यूनियन की बैठक आयोजित

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। एमपी वर्किंग जर्नलिस्ट यूनियन इंदौर ईकाई का दिवाली मिलन समारोह रविवार को सम्पन्न हुआ, जिसमे सबसे पहले प्रांतीय अधिवेशन की सफलता पर चर्चा की गई। एमपी वर्किंग जर्नलिस्ट यूनियन के प्रांतीय अध्यक्ष राधावल्लभ शारदा की विचारधारा उद्देश्य , लक्ष्य की जानकारी सदस्यों को एमपी वर्किंग जर्नलिस्ट यूनियन की प्रांतीय महिला प्रकोष्ठ की प्रांतीय संयोजक रजनी खेतान ने दी। संगठन के प्रति जवाबदारी को लेकर यूनियन की अध्यक्ष श्रीमती अंकिता यादव (कवयित्री ), यूनियन की उपाध्यक्ष नेहा सोमानी ,महा सचिव स्वर्णा झंवर भी अपने विचार रखे। यूनियन सचिव प्रतिभा गुप्ता ने विषय परिवर्तन कर दीपावली मिलन पर गीत प्रस्तुत किया। सदस्य दीपिका परमार ने मौसम के बदलाव और स्वास्थ्य पर कई नए उपाय भी सबके साथ सांझा किए । यूनियन सदस्य रिमझिम पोतदार, कल्पना जायसवाल ने कुछ नए सामाजिक कार्य भी किए जाने चाहिए की रूपरेखा तैयार की । मिलन समारोह में कीर्ति अग्रवाल, राखी राजपूत, मधु सिन्हा अन्य सभी महिला सदस्य शामिल रही और प्रमुख रूप से अजय परमार एवं गौरव सोमानी , मुकेश मिश्रा संतोष पाटीदार भी शामिल हुए। पिंकी कदम , कविता मालवीय ने कार्यक्रम का समापन किया। आभार भावना ठाकुर ने माना ।

# मालवा-निमाड़ में बारिश, बिजली गिरने से चार की मौत

## नर्मदापुरम, बैतूल खंडवा समेत आठ जिलों में ओले; भोपाल-इंदौर समेत 39 जिलों में पानी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल। मध्यप्रदेश में सीजन का पहला मावठा गिर रहा है। रविवार-सोमवार की रात दो बजे से भोपाल, नर्मदापुरम समेत कई जिलों में रुक-रुककर बारिश हो रही है। रविवार को मालवा-निमाड़ के इंदौर, उज्जैन, मंदसौर, धार, नीमच और झाबुआ समेत कई जिलों में बारिश हुई, जबकि भोपाल समेत कई जगह बादल छाए रहे। इससे दिन में ठंडक बढ़ गई।**

प्रदेश के अलग-अलग इलाकों में आकाशीय बिजली गिरने से दंपती समेत 4 लोगों की मौत हो गई। रविवार को रतलाम और उज्जैन सबसे ठंडे रहे। यहां तापमान में 5.4 डिग्री तक गिरावट दर्ज की गई। अगले 3-4 दिन भी मौसम ऐसा ही रहेगा। सोमवार को नर्मदापुरम, बैतूल, खंडवा समेत 8 जिलों में बारिश के साथ ओले भी गिर सकते हैं। वहीं, भोपाल, इंदौर, जबलपुर समेत 39 जिलों में कहीं तेज तो कहीं हल्की बारिश का अनुमान है।

सीनियर मौसम वैज्ञानिक डॉ. वेदप्रकाश सिंह ने बताया कि ईरान के आसपास पश्चिमी विक्षोभ एक्टिव है। वहीं, चक्रवाती घेरा और ट्रफ लाइन भी गुजर रही है। प्रदेश के बीचों-बीच में चक्रवाती हवाओं का घेरा है। पूर्वी-पश्चिमी हवाओं का ठहराव भी है। इसके चलते ही प्रदेश में बारिश, ओलावृष्टि और आंधी का दौर शुरू हो गया है, जो 30 नवंबर तक चलेगा।



◆ खरगोन में 3 इंच से ज्यादा पानी गिरा

| | |
|---|---|
| खरगोन 3.32 (बारिश इंच में) | पचमढ़ी 0.09 |
| इंदौर 2 | रायसेन 0.07 |
| धार 1.97 | गुना 0.03 |
| रतलाम 1.85 | ग्वालियर 0.02 |
| खंडवा 1.77 | छिंदवाड़ा 0.02 |
| उज्जैन 1.22 | **(आंकड़े- रविवार सुबह 8.30 से सोमवार सुबह 8.30 बजे तक के)** |
| नर्मदापुरम 0.40 | |
| बैतूल 0.32 | |
| भोपाल 0.23 | |



### दिसंबर के पहले सप्ताह में तेज सर्दी नहीं

सीनियर मौसम वैज्ञानिक डॉ. सिंह ने बताया कि 30 नवंबर के बाद बारिश थमेगी। इसके बाद एक और वेस्टर्न डिस्टर्बेंस एक्टिव हो रहा है। इसके चलते ही दिसंबर के पहले सप्ताह में कड़ाके की ठंड गिरने के आसार नहीं है। इंदौर में गरज-चमक के साथ रिमझिम बारिशः इंदौर में शाम 4 बजे बाद कई इलाकों में गरज-चमक के साथ रिमझिम बारिश शुरू हो गई। इससे पहले सुबह कोहरा छाया रहा। जिसके चलते वाहन चालकों को लाइट ऑन करके गाड़ी चलानी पड़ी। उज्जैन में करीब 25 मिनट तक हल्की तेज बारिशः उज्जैन में सुबह से बादल छाए थे। शाम चार बजे हल्की तेज बारिश शुरू हो गई। अचानक मौसम बदलने से ठंड बढ़ गई। करीब 25 मिनट तक बारिश ने शहर को भिगोया। मंदसौर भी तरबतर, 20 मिनट तक गिरा बारिशः मंदसौर में भी दोपहर बाद तेज हवा और गरज-चमक के साथ बारिश शुरू हो गई। करीब 20 मिनट तक बारिश का दौर चला। बारिश के बाद सर्दी बढ़ गई है। देवास और धार के मांडू भी तरबतरः देवास में शाम के समय तेज हवाओं के साथ हल्की बारिश शुरू हो गई। जिससे सड़कें तरबतर हो गई। बारिश के बाद मौसम में ठंडक घुल गई। वहीं धार का मांडू भी तरबतर हो गया। यहां घुमने आए पर्यटक भीग गए। झाबुआ में भी अचानक मौसम बदलाः झाबुआ जिले के कई इलाकों में दोपहर बाद गरज-चमक और तेज हवा के साथ बारिश होने लगी। जिससे ठंड बढ़ गई। मौसम के बदलाव ने लोगों को ठिठुरने पर मजबूर कर दिया है। बड़वानी में गरज-चमक के साथ बारिशः रविवार को बड़वानी शहर समेत जिले में कई जगहों पर पानी गिरा। करीब एक घंटे तक लगातार बारिश होती रही। इस दौरान सड़कों पर कई जगह जलजमाव की स्थिति बन गई।

### रतलाम और उज्जैन में तापमान 5.4 डिग्री तक गिरा

मध्यप्रदेश में मौसम में अचानक बदलाव से पारा 5 डिग्री तक लुढ़क गया। प्रदेश में रतलाम सबसे ठंडा रहा। यहां दिन का तापमान 5.4 डिग्री गिरावट के साथ 23.6 डिग्री दर्ज किया गया। दूसरा सबसे ठंडा शहर उज्जैन रहा। यहां टेम्प्रेचर में 5.3 डिग्री की गिरावट के साथ 23.7 डिग्री तक पहुंच गया। प्रदेश के चार बड़े शहरों की बात करें तो इंदौर में 25 डिग्री, ग्वालियर में 26.4 डिग्री, जबलपुर में 27.4 डिग्री और भोपाल में 27.7 डिग्री तापमान दर्ज किया गया।

# नतीजे आने से पहले ही सियासी दलों ने कमजोर कड़ी की तलाश शुरू कर दी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल। मध्य प्रदेश में विधानसभा चुनाव के नतीजे आने से पहले ही सियासी दलों ने कमजोर कड़ी की तलाश शुरू कर दी है। इसके पीछे बड़ी वजह किसी भी राजनीतिक दल को पूर्ण बहुमत न मिलने का अनुमान है। राज्य की 230 विधानसभा सीटों के लिए 17 नवंबर को मतदान हो चुका है और नतीजा तीन दिसंबर को आने हैं। किसी भी दल को सरकार बनाने के लिए 116 विधायकों की जरूरत होगी। बहुमत का आंकड़ा यही है।**

अब तक यही अनुमान लगाया जा रहा है कि दोनों दलों के बीच



कड़ी टक्कर है और चुनावी नतीजे एक तरफ नहीं रहने वाले। दोनों दलों में पांच से 10 सीटों का ही अंतर रहेगा। सट्टा बाजार भी लगभग यही कहानी कह रहा है और इसी का नतीजा है कि दोनों दल आगामी स्थितियों को लेकर चिंतित है। बात अगर पिछले विधानसभा चुनाव की करें तो किसी भी दल को पूर्ण बहुमत नहीं मिला था। कांग्रेस 114 सीट लेने के साथ बढ़त में थी, जबकि भाजपा को 109 स्थान पर ही जीत मिली थी। सात स्थानों पर सपा, बसपा और निर्दलीय उम्मीदवार जीते थे। अन्य का कांग्रेस को साथ मिला था और उसकी सरकार भी बनी। कांग्रेस की सरकार कमलनाथ के नेतृत्व में 15 महीने ही चल पाई और ज्योतिरादित्य सिंधिया की नाराजगी के चलते 22 विधायकों ने बगावत की और कमलनाथ की सरकार गिर गई। यह घटनाक्रम दोनों ही राजनीतिक दलों को बेहतर तरीके से याद है। लिहाजा किसी भी दल को पूर्ण बहुमत न मिलने की स्थिति में उन्होंने दूसरे दल के अलावा अन्य में कमजोर कड़ी की तलाश तेज कर दी है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि बहुमत न मिलने या बहुमत से कुछ अंक ज्यादा निकलने के बाद भी राजनीतिक दलों की कमजोर कड़ी या यूं कहें विभीषण की तलाश में कोई पीछे नहीं रहने वाला।

# लेडी डांसर के साथ मेले में नाचे सरकारी कर्मचारी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**डिंडौरी। डिंडौरी में खुले मंच पर सरकारी कर्मचारियों के महिला डांसर के साथ नाचने का वीडियो सामने आया है। इसमें वे अभद्र हरकतें करते भी दिख रहे हैं। कलेक्टर विकास मिश्रा के निर्देश पर जिला पंचायत ने संबंधित कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया है।**

मामला शहपुरा जनपद पंचायत कार्यालय के सामने आयोजित मड़ई मेले का है। देवउठनी एकादशी पर आयोजित इस मेले में महिला डांसर बुलाई गई थी। यहां शहपुरा जनपद पंचायत में संविदाकर्मी इंजीनियर राजेश कोठार, स्वच्छता ब्लॉक समन्वयक हरीश झारिया सहित अन्य कर्मचारी डांसर के पास पहुंच गए। हरीश ने मुंह में नोट दबाकर डांसर को दिया। जिला पंचायत सीईओ विमलेश सिंह ने बताया कि कलेक्टर विकास मिश्रा ने वायरल वीडियो को आधार मानकर सिविल सेवा आचरण अधिनियम के तहत जिला पंचायत को एक्शन लेने को कहा था। जनपद सीईओ गणेश पाण्डेय ने राजेश कोठार और हरीश झारिया को कारण बताओ नोटिस जारी किया हैइंजीनियर राजेश कोठार ने अपनी सफाई में कहा- जनपद कार्यालय के बगल में मेरी कार जाम में फंसी थी। वहीं कार्यक्रम भी चल रहा था। साथी कर्मचारियों के साथ मैं भी डांस देखने चला गया। आयोजकों ने मुझसे रिक्वेस्ट की कि आप लोग आएंगे तो भीड़ और बढ़ जाएगी। मैं डांस करने लगा। जिसको महिला डांसर बताया जा रहा है, असल में वो लड़का है।

Confidential Investigation & all type of Detective services

Successful Journey
Since 2002...

प्रतिस्पर्धा का समय है।
स्वार्थियों, घर के भेदियों से भर गया है समाज।
सावधान रहना है सब से।
निगाह रखनी है लोगो पर, घटनाओं पर, वातावरण पर
कहीं ऐसा तो नहीं...
कोई साँप आस्तीन में छुपा हो ?
फूलों की सेज पर कुछ काँटे हों ?
व्यक्तिगत/व्यापारिक जीवन में कोई छिद्र हो ?
इस प्रकार की सभी व्यक्तिगत, व्यापारिक, राजनैतिक, कानूनी,
सभी प्रकार के इन्वेस्टीगेशन कार्य... सबूत/प्रमाण हेतु
मदद के लिये तैयार... कभी भी.... कहीं भी...

कब.. क्यों.. कहाँ.. कितना.. कैसे...!

DETECTIVE GROUP ®

पूर्ण गोपनीयता...पूर्ण विश्वसनीयता
www.detectivegroup.in

+91-9111050101
+91-9111050101
+91-9111050101


“ संपूर्ण विश्व हमारी सीमा में हैं ”

# संपादकीय

## संविधान के उद्देश्यों के प्रति निष्ठावान

हमारा संविधान सामाजिक और आर्थिक न्याय का जीवंत दस्तावेज है। आजादी के बाद के वर्षों में किए गए प्रयास इसके ज्वलंत उदाहरण हैं। जमींदारी उन्मूलन जैसी ऐतिहासिक उपलब्धियां राष्ट्र के खाते में स्वर्णाक्षरों में दर्ज हैं। विश्व के इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ, जब कुछ हजार जमींदारों से जमीन लेकर लाखों भूमिहीन किसानों को दे दी गई और यह सब कुछ बगैर किसी का खून बहाए हुए शांतिपूर्वक संपन्न हुआ। दुनिया में कोई ऐसा दूसरा उदाहरण नहीं है, जहां इतने व्यापक भूमि सुधार इतने शांतिपूर्वक संपन्न हुए हों। कम्युनिस्ट देश अपने लाखों नागरिकों का खून बहाकर भी भूमि सुधारों के क्षेत्र में जो कुछ हासिल करने में सफल नहीं हो पाए, उसे हमने शांतिपूर्वक लागू कर दिया, जिसका लाभ आज पूरे देश को मिल रहा है।चौहत्तर वर्ष पहले 26 नवंबर, 1949 को हमने अपने संविधान को अधिनियमित तथा अंगीकृत किया था। किसी राष्ट्र के जीवन काल में यह बहुत बड़ा कालखंड नहीं माना जाता, किंतु इन वर्षों में उस राष्ट्र के भविष्य की पीठिका तैयार हो जाती है। संविधिक विकास के लिहाज से शुरुआती कुछ दशक अपेक्षाकृत अधिक महत्वपूर्ण होते हैं, क्योंकि इनमें कानूनी व्यवस्था का नया ढांचा तैयार होता है, उसे आत्मसात करने की परंपरा विकसित की जाती है तथा कानून की न्यायिक व्याख्या की दिशा तय होती है। संविधान के माध्यम से हमने अपने राष्ट्र को प्रभुता संपन्न, लोकतांत्रिक गणराज्य घोषित किया तथा समस्त नागरिकों को सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय देने का संकल्प लिया। हमने ऐसे समाज की परिकल्पना की, जिसमें विचार, अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म तथा उपासना की स्वतंत्रता के साथ ही सभी नागरिकों के लिए प्रतिष्ठा और अवसर की समानता हो। संविधान आजादी और खुशहाली के वादे का दस्तावेज होता है। संविधान हमें सपने देखने और उसके मुताबिक समाज निर्माण करने की आजादी और जज्बे को भी निरूपित करता है। उसमें केवल काले-सफेद अक्षरों की भरमार नहीं होती, बल्कि वह सुशासन के लिए लिपिबद्ध भावपुंज भी होता है। लेकिन उसे मजबूती देने के दायित्व का निर्वहन उसके नागरिकों को करना होता है। हमारे संविधान के माध्यम से हमारे पूर्वजों ने रामराज्य का सपना देखा था, जिसमें सभी समान हों। सभी लोग कानून की मर्यादा में रहें। राज्यसत्ता को राम की खड़ाऊं मानकर तथा अपने आपको उसका सेवक मानकर जनता की सेवा करें। कानून का पालन निष्पक्षतापूर्वक हो। निर्णय लेते समय किसी को भय न हो तथा किसी वस्तु का लालच उन्हें विचलित न कर सके। डॉ. भीमराव आंबेडकर ने 25 नवंबर, 1949 को संविधान सभा में दिए गए अपने भाषण में कहा था कि किसी भी देश के संविधान की सफलता उस देश के नागरिकों तथा संविधान को चलाने वालों के चरित्र और उनकी नीयत पर निर्भर करती है। उन्होंने आगे कहा था कि चाहे कितना भी अच्छा संविधान क्यों न हो, यदि उसके चलाने वालों में संविधान के मूल्यों के प्रति समर्पण और उसे लागू करने का जज्बा न हो, तो संविधान निर्जीव अक्षरों का समूह मात्र बना रहेगा। इसके उलट यदि किसी संविधान में कोई कमी रह गई हो, किंतु उसका पालन करने वाले लोग यदि संविधान के उद्देश्यों के प्रति निष्ठावान हैं, तो उन कमियों को दूर करके जीवंत समाज का निर्माण करेंगे। पिछले 74 वर्षों के हमारे अनुभव ने डॉ. आंबेडकर के कथन को अक्षरशः सही होते हुए देखा है। संविधान के उच्च आदर्शों के प्रति हमारी निष्ठा ने बीते वर्षों में हमें अग्रिम पंक्ति तक पहुंचा दिया है। हम केवल वहीं विफल हुए हैं, जहां हमारे नागरिकों और शासक वर्ग ने संविधान के मूल्यों की अनदेखी की है।

MORARI BAPU



सत्य-प्रेम-करुणा...

*किसान खेत में बीज बोता है, वो भावसे बोए तो ही अंकुर निकले ऐसा नहीं; दुर्भाव से बोए तो भी अंकुर निकलेगा। शर्त है जल सींचना चाहिए। वैसे हरिनाम - भाव से, आलस से, प्रमाद से कैसे भी लो; बीज मंत्र है। जल सींचना चाहिए, और जल है - आँख के आंसू। हरीनाम लेते लेते यदि आंख के आंसू से सिंचाई हो जाए तो दसो दिशाओं में मंगल हो जाएगा।*

साभार - Chitrakutdham Talgajarda

Health is Wealth

# वेट लॉस में बेहद फायदेमंद है इमली की पत्तियों की चाय

**ये हैं गजब के फायदे**



मुंह का स्वाद बेहतर करना हो या फिर भोजन के साथ परोसनी हो खट्टी-मीठी चटनी, इमली का इस्तेमाल कई घरों में किया जाता है। गुणों से भरपूर इमली स्वाद में ही नहीं बल्कि सेहत के लिए भी कई तरह से फायदेमंद होती है। लेकिन आज बात इमली की नहीं बल्कि उसकी पत्तियों से बनने वाली चाय की करेंगे। इमली की पत्तियों में एंटी-बैक्टीरियल, एंटीमलेरियल, एंटीऑक्सीडेंट और एंटी अस्थेमेटिक गुण पाए जाते हैं। यह आपके लिवर और पेट को साफ रखने के साथ आपकी वेट लॉस जर्नी में भी मदद कर सकते हैं। इमली की पत्तियों का सेवन आप चाय के रूप में कर सकते हैं। आइए जानते हैं कैसे बनाई जाती है इमली के पत्तों की चाय और इसे पीने से मिलते हैं व्यक्ति को क्या-क्या फायदे।

### इमली की पत्तियों की चाय बनाने के लिए आवश्यक सामग्री

पानी - 2 कप
इमली की पत्तियां - 1 मुट्ठीभर
अदरक - 1/2 इंच (घिसा हुआ)
हल्दी - 2 चुटकी
शहद - 2 टी स्पून
पुदीने की पत्तियां - 3-4

### इमली की पत्तियों की चाय बनाने की विधि

इमली की पत्तियों की चाय बनाने के लिए सबसे पहले इमली की पत्तियों को अच्छे से साफ करके अदरक, हल्दी और पुदीने की पत्तियां डालकर 1 पैन में 2 कप पानी डालकर अच्छे से उबलने दें। इसके बाद जब पानी अच्छे से उबल जाए, तो इसे एक कप में छानकर निकाल लें। अब इसमें स्वादनुसार शहद डालकर पिएं।

### इमली की पत्तियों की चाय पीने के फायदे

#### वेट लॉस

इमली की पत्तियों के अर्क में एंटी-ओबेसिटी गुण पाया जाता है, जो वजन को कम करने में असरदार माना जाता है। इस चाय में मेटाबॉलिक सिंड्रोम दूर करने की क्षमता होती है। साथ ही इसके सेवन से आपको भूख भी कम लगती है। इससे आपके शरीर का वजन कम होता है।

#### डायबिटीज रोगियों के लिए फायदेमंद

इमली के अर्क में एंटी-डायबिटिक गुण पाया जाता है, जो डायबिटीज को कंट्रोल करने में आपकी मदद कर सकता है। इमली की पत्तियों में पॉलीफेनोल और फ्लेवोनोइड पाए जाते हैं। यह शरीर में ब्लड शुगर को कंट्रोल रखने में असरदार हो सकते हैं।

#### इम्यूनिटी बूस्ट करे

इमली की पत्तियों में इम्यूनोमॉड्यूलेटरी गतिविधियां पाई जाती हैं, जो शरीर को बीमारियों से लड़ने के लिए तैयार करती है। इमली की पत्तियों में मौजूद विटामिन सी आपकी इम्यून पावर को बूस्ट करने में भी प्रभावी हो सकता है।

## Highlights

- **PM Modi offers prayers in Andhra's Tirumala temple; video surfaces**
- **Police use paraglider for surveillance in Gujarat, share video**
- **EC stops Telangana govt from disbursing funds under Rythu Bandhu**
- **Highly flammable, toxic gas leaks after tanker overturns in Pune**
- **Citizenship (Amendment) Act final draft expected by March 2024: MoS**

# Guru Nanak Jayanti Bank holiday: Check list of states where banks are shut today

**NEW DEIHI, (Agency).** All government offices, schools and banks in some states will remain closed on Monday, November 27, on the occasion of Guru Nanak Jayanti - also known as Guru Nanak Dev Ji Gurpurab or Guru Nanak's Prakash Utsav. The bank holiday on this auspicious day is provided under the Negotiable Instruments (NI) Act, of 1881 under which the holidays are allocated under two categories - Real-time gross settlement holidays, and banks' closing of accounts.

The Reserve Bank of India (RBI) has released a state-wise list of where banks will remain closed today. The regions include:

Agartala, Aizwal, Belapur, Bhopal, Bhubaneswar, Chandigarh, Dehradun, Hyderabad, Telangana, Itanagar, Jaipur, Jammu, Kanpur, Kohima, Kolkata, Lucknow, Mumbai, Nagpur, New Delhi, Raipur, Ranchi, Shimla, Srinagar,




Ahmedabad, Bengaluru, Chennai, Gangtok, Guwahati, Hyderabad-Andhra Pradesh, Imphal, Kochi, Panaji, Patna, Shillong, and Thiruvananthapuram.

Guru Nanak Jayanti

Guru Nanak Jayanti is celebrated on the 15th lunar day of the Hindu month of Kartik, or Kartik Poornima as it is known in the Gregorian calendar. It is one of the most important days of Sikhism and marks the birth anniversary of the first of the ten Sikh gurus and the founder of Sikhism, Guru Nanak Dev Ji. The day honours the teachings and wisdom of Guru Nanak Dev Ji, and also promotes unity, equality, and selfless service, embodying the core principles of Sikh philosophy.

This year, the festival is being celebrated around the world on November 27 as the 554th birthday of Guru Nanak Dev Ji. People mark the occasion with fervent devotion, spiritual gatherings and the recitation of hymns from the Guru Granth Sahib - the holy scripture of Sikhism. The community kitchen 'Langar Seva' also serves free meals to promote equality.

# Tata Technologies IPO: How to check share allotment status? Listing date, GMP and more

**NEW DEIHI, (Agency).** For the first time in 20 years, the Tata Group launched its maiden initial public offering for Tata Technologies and made a significant splash in the stock market. After its amazing run on the National Stock Exchange (NSE), all eyes remain on the allotment date for Tate Technologies IPO.

It is expected that Tata Technologies, which is a subsidiary of Tata Motors, will




finalise the basis of the allotment of shares from the IPO by November 28. Once done, all investors will be able to check the status of their allotment on the official website of BSE or IPO registrar.

Tata Technologies IPO was subscribed nearly 70 times during its run on the stock market from November 22 to November 24. The price band for the same was fixed at ₹475- ₹500, and the minimum shares were per person were set at 30. Out of the total set of buyers, the qualified institutional buyers and high net-worth individuals racked up major shares of the company, buying 203.41 times and 62.11 times their allotted quota respectively.

# होटल मैनेजर ने फांसी लगाकर दी जान

## एक अन्य ने एसिड पीकर की खुदकुशी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। एक होटल के मैनेजर ने फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। वह पिछले कई सालों से इंदौर में रहकर काम कर रहा था। वहीं एक अन्य ने एसिडी पीकर खुदकुशी कर ली। दोनों ही मामलों में पुलिस मर्ग कायम कर जांच कर रही है।**

लसूड़िया पुलिस के मुताबकि पंकज पिता राधेश्याम निवासी महालक्ष्मी नगर को शनिवार रात में उसका दोस्त मृत अवस्था में एमवाय लेकर पहुंचा। पंकज विजयनगर इलाके में द क्रियाड होटल में सेल्स मैनेजर के पद पर काम करता है। वह मूल रूप से मेवाड़ा सिहोर का रहने वाला है। दोस्त ने पुलिस को बताया कि करीब दस साल से इंदौर में रहकर जॉब कर रहा था। पुलिस को कमरे से किसी तरह का सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस के मुताबिक पंकज के परिवार से मामले में पूछताछ की जाएगी। इसी प्रकार हीरानगर इलाके में रहने वाले एक व्यक्ति ने भी एसिड पी लिया। उसे उपचार के लिये अस्पताल लेकर आया गया। यहां उसकी मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक खुशीलाल पिता मलखान को उपचार के लिये परिजनों ने अस्पताल में भर्ती कराया था। शनिवार को खुशीलाल की मौत हो गई। पुलिस ने मामला जांच में लिया है।

# मोबाइल लूट का आरोपी गिरफ्त में

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। नाबालिग से मोबाइल छीनकर भाग रहे बदमाश को पुलिस ने खंडवा के मूंदी से गिरफ्तार कर लिया है। वह दो माह से फरार चल रहा था। सदर बाजार टीआई के सतीश पटेल ने बताया कि घटना 20 सितम्बर की है। हिमांशु पिता हेमराज प्रजापत निवासी न्यू राम नगर इंडस्ट्रीज एरिया बाणगंगा अपने दोस्त के साथ थाना क्षेत्र के प्रथम बटालियन पेट्रोल पंप के पास खड़ा था। तभी बाइक से आए दो बदमाशों ने उन्हें धक्का मारते हुए मोबाइल छीन लिया और भागने लगे। घटना के तत्काल बाद शाम 4 बजे पेट्रोलिंग कर रहे टीआई और सिपाही रवीन्द्र जीप से उतरे। घटना की जानकारी मिलते ही टीआई और सिपाही ने मोबाइल लेकर भाग रहे बदमाश का दौड़कर पीछा किया। करीब पौन किलोमीटर दौड़ने के बाद आरोपी संजय पिता कुंवरसिंह सकवाल निवासी चौहान स्टील के पास नंदबाग को पकड़ लिया था। संजय के पकड़ाने के बाद दूसरा आरोपी कालू उर्फ दिली माली निवासी साउथ गाडराखेड़ी अपने रिश्तेदार के यहां खंडवा भाग गया था। वह सिमरोल तक बाइक से गया, यहां बाइक खड़ी कर बस से खंडवा पहुंचा। आरोपी के फरार होने पर पुलिस ने मुखबीर सक्रिय कर दिए थे। मुखबीर की सूचना पर आरोपी को पकड़ने पुलिस की टीम खंडवा गई थी। आरोपी ने कहां फरारी काटी, इसे लेकर पूछताछ की जा रही है।

# 5000 का इनामी आरोपी पकड़ाया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** किराना दुकान के गोदाम से काजू, तेल, घी चुराकर राजस्थान भागे बदमाश को परदेशीपुरा पुलिस ने दबोच लिया है। उसकी गिरफ्तारी पर पुलिस ने 5 हजार रुपए का इनाम रखा था। परदेशीपुरा थाना प्रभारी पंकज द्विवेदी के मुताबिक जीतू उर्फ जितेंद्र उर्फ जितेश पिता कालूराम मीणा निवासी करौली (यूपी) वर्ष-2021 में 10 और 11 जुलाई की दरमियानी रात अपने सेठ शंकर शर्मा निवासी परदेशीपुरा के गोदाम से काजू, घी, मीठे तेल के डिब्बों के साथ 2 गैस सिलेंडर भी चुराकर ले गया था। तत्समय ही पुलिस परदेशीपुरा ने इस मामले में आरोपी के खिलाफ धारा 457, 380 में प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में ले लिया था और आरोपी की लगातार तलाश की जा रही थी। आरोपी के नहीं मिलने पर तत्कालीन पुलिस अधीक्षक आशुतोष बागरी ने उसकी गिरफ्तारी पर 5000 रुपए का इनाम घोषित भी किया था। धारा 299 के तहत तैयार किए गए इस मामले में पुलिसकर्मियों रोशन यादव एवं भोला ने शादियों के सीजन का इंतजार किया और इसके बाद भूमिका बनाकर हलवाई (आरोपी) को शादी का टेंडर देने और इसी सिलसिले में हलवाई को एडवांस लेने इंदौर बुलाया। जैसे ही आरोपी इंदौर आया उसे झांसे में लेकर धरदबोचा।

# सड़क हादसा- 3 साल के बच्चे की मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इन्दौर। नई ई रिक्शा से मंदिर दर्शन करने जा रहा परिवार हादसे का शिकार हो गया । ई रिक्शा पुलिया से नीचे आ गिरी। इस हादसे में ३ साल के बच्चे की मौत हो गई ,वहीं दंपति सहित तीन लोग घायल हुए हैं। मामला बेटमा थाना क्षेत्र का है।**

मृतक का नाम डमरू उर्फ भावेश उम्र 3 साल है । हादसे में मथुरा प्रसाद, दुर्गेश और उर्मिला सभी निवासी टीडीएस कॉलोनी बेटमा घायल हुए हैं। जानकारी के अनुसार ई रिक्शा चालक की घायल पत्नी दुर्गेश बाई ने बताया कि उन्होंने नई ई-रिक्शा ली थी। सभी उसमें सवार होकर बिजासन माता मंदिर दर्शन करने के लिए जा रहे थे। ई-रिक्शा को मथुरा प्रसाद ही चला रहे थे। इंदौर धार रोड पर खंडेलवाल पेट्रोल पंप के नजदीक मथुरा प्रसाद गाड़ी को तेज रफ्तार से दौड़ने लगे इसकी वजह से गाड़ी अनियंत्रित होकर पलटी खा गई और पुलिया से नीचे गिरी । मौके पर 108 एंबुलेंस पहुंची जिसे घायलों को बेटमा के अस्पताल पहुंचाया है यहां परिवार के तीन साल के बच्चे भावेश की मौत हो गई मामले में पुलिस ने कैसे भी दर्ज किया है।

## यहां सड़क हादसे में महिला की मौत, चार घायल

सुखलिया इलाके में रहने वाला परिवार कार से खाटू श्याम दर्शन के लिए निकला था, लेकिन खाटू श्याम पहुंचने से पहले ही उनकी कार दुर्घटनाग्रस्त हो गई। घटना में एक वृद्ध महिला की मौत, जबकि चार लोग घायल हो गए। पवन पिता सुरेश गौर (46) निवासी प्राइम सिटी सुखलिया इलेक्ट्रिक कांट्रेक्टर है। तीन दीन की छुट्टी होने के चलते वह अपनी मां प्रभा पति सुरेश (70), पत्नी क्षमा गौर (36), बेटी पूनम गौर (15) और बेटे आयुष्मान 11 वर्ष के साथ खाटूश्याम दर्शन करने कार से देर रात रवाना हुए थे। सुबह लगभग 5 बजे आगर रोड स्थित ढाबला रेहवारी मोड़ पर सामने से आ रहे डम्पर ने उनकी कार को जोरदार टक्कर मार दी। राहगिरों की सूचना पर मौके पर पहुंची एम्बुलेंस ने घायलों को पास के अस्पताल पहुंचाया, जहां मां प्रभा को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया, वही पवन सहित उनकी पत्नी व बच्चों को इंदौर के डीएनएस अस्पताल रेफर किया गया, जहां उनका इलाज जारी है। कार को टक्कर मारने के बाद डम्पर चालक मौके से भाग निकला।

# सरकारी अधिकारी गाड़ी चोरी

**इंदौर।** एक सरकारी अफसर की मोटर साइकिल चंद सेकंड में चोरी हो गई, वह एक स्टेशनरी शॉप पर खरीदी के लिए पहुंचे थे तभी एक युवक उनकी गाड़ी चुरा ले गया। सीसीटीवी फुटेज में बदमाश की हरकत कैद हुई है। मामला तेजाजी नगर थाना क्षेत्र का है। फरियादी ओमप्रकाश सोनी निवासी रामजी वाटिका पैष्ठस-1 की शिकायत पर चोरी का प्रकरण दर्ज किया गया है। फरियादी ओमप्रकाश मध्यप्रदेश वितरण संघ में पदस्थ है। कल उन्हें कुछ स्टेशनरी की आवश्यकता हुई तो वह सामान खरीदने के लिए अजय स्टेशनरी गए थे। अपनी मोटर साइकिल को उन्होंने दुकान के बाहर खड़ा किया और खरीदी के लिए दुकान पर पहुंचे। वह लौटे तब तक उनकी मोटर साइकिल गायब हो चुकी थी। लाल रंग की शर्ट पहने हुए एक लड़का उनकी मोटर साइकिल चुराकर ले गया जो सीसीटीवी फुटेज में कैद हुआ है, अब उसकी तलाश जारी है।

# ट्रांसपोर्टर पर हमला करने वालों की तलाश जारी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** राजेन्द्र नगर इलाके में एबी रोड पर एक पीथमपुर के एक ट्रांसपोर्टर पर अज्ञात बदमाशों ने चाकू से हमला कर दिया। गंभीर हालत में उन्हें निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने मामला जांच में लिया है। बताया जाता है कि पुलिस को घटना से संबंधित कुछ सुराग हाथ लगे हैं, जिसके आधार पर आरोपियों की तलाश की जा रही है। पुलिस के मुताबिक प्रदीप पिता कल्याण सिंह सिसौदिया निवासी सांदीपनि कॉलोनी को उपचार के लिये निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। प्रदीप पर अज्ञात हमलावरों ने कंधे,पेट ओर जांघ पर चाकू मारे। गंभीर हालत में उन्हें मुनीम सतीश शर्मा अस्पताल लेकर पहुंचे थे। उन्होंने बताया कि प्रदीप जब यहां से निकल रहे थे। तभी बाइक सवार बदमाशों ने उन्हें रास्ते में रोका और एक के बाद एक चाकू से हमला कर फरार हो गए। वह ट्रांसपोर्ट का काम करते हैं। बताया जाता है ट्रकों से सरकारी टैक्स चोरी करने के मामले में प्रदीप ने कुछ समय पहले कुछ कारोबारियों को लेकर शिकायत की। इस हमले को उसी से लेकर जोड़ा जा रहा है। अफसरों के मुताबिक अभी मामले में जांच की जा रही है। हमलावरों को लेकर कुछ जानकारी सामने आई है। जल्द पूरे मामले से खुलासा करेंगे।

## बेटे को मारे चाकू, पिता को भी किया घायल

**इंदौर।** मल्हारगंज इलाके में एक युवक और उसके पिता पर परिचित ने ही चाकू से हमला कर दिया। इस मामले में पुलिस ने दो लोगों को हिरासत में लिया है। मल्हारगंज पुलिस के मुताबिक शंकरगंज जिंसी की है। यहां रहने वाले हर्ष उर्फ भय्यू ओर उसके पिता रमेश शुक्ला पर शैलेन्द्र और प्रियांशु ने चाकू से हमला कर दिया। बताया जाता है कि आरोपी और पीड़ित पास पास ही रहते हैं। उनका पहले से भी विवाद चला आ रहा है। शनिवार को प्रियांशु ने हर्ष और उसके पिता रमेश पर घर में आने को लेकर आपत्ति ली। प्रियांशु ने इस दौरान चाकू लेकर हर्ष को कलाई और पसली में मार दिया। हर्ष की मदद मांगने पर उसके पिता रमेश वहां आए। तभी प्रियांशु ने चाकू से उन पर भी हमला कर दिया। इस दौरान हर्ष की मां पुष्पा को भी धक्का देकर नीचे गिरा दिया। दोनों को चोट लगने के चलते उपचार के लिये अस्पताल ले जाया गया। यहां सूचना के बाद पुलिस ने मामले में केस दर्ज कर जांच शुरू की है।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं 406- इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित।
■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535 ■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 0731-2433667 ■*पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार।